



## एक नजर में

### सूर्य टाकीज के संचालक प्रकाश डूंगरवाल के निधन पर नगर के प्रबुद्धजनों नें दी भावभीनी श्रदांजलि



**कुक्षी ।**नगर के सूर्य टाकीज के संचालक प्रकाश सेठ डूंगरवाल का बीते दिनों इंदौर में निधन हों गया .वें पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। परिजनों नें उनकी शोक बैठक उनकी कर्मभूमि पर आयोजित की गई. ओसवाल धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नगर के हर वर्ग के गणमान्य जनों ने शामिल होकर स्व.श्री डूंगरवाल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडवोकेट मनोहरलाल पुराणिक नें कहा नगर की अनेक गतिविधियों से जुड़े रहने वाले हंसमुख मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहकर अपने नाम के अनुरूप प्रकाश बिखरने वाले प्रकाश सेठ का निधन परिवार के साथ पुरे नगर लिए बड़ी क्षति है .श्रद्धांजली सभा को टांडा के जैन श्री संघ अध्यक्ष श्री पारस सेठ तलेसरा, गिरधर सोनी, यतीन्द्र (राजू) डूंगरवाल, एवं डूंगरवाल परिवार से श्रीमति चंदा डूंगरवाल, रूचि डूंगरवाल ने उदबोधित करते हुए श्रद्धांजलि दी ।एस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह राठौर,पोरवा? समाज अध्यक्ष उत्सवलाल गुप्ता,पाटीदार समाज अध्यक्ष महेश गंगाजलिया पाटीदार, उद्योगपति और समाजसेवी महेंद्र सेठ गुप्ता,राजेंद्र साजी गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश गुप्ता,मनोहर मंडलोई,राकेश गुप्ता,देवेंद्र जैन,मुकेश गुप्ता,नितेश गुप्ता आदि नगर गणमान्य जनों नें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### गौबर पेंट से सजी संवरी वृद्धाश्रम की दीवारें भू गौरी लेप कार्यशाला

**धार /-** गौवंश हमारी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है। दूध, से ज्यादा गौबर, गौमूत्र उपयोगी व मूल्यवान है। भू गौरी लेप प्राचीन व आधुनिक सामग्री का मिश्रण है। यह बाहरी व आंतरिक दोनों दीवारों पर उपयोगी है। वृद्धाश्रम के वृद्धजनों के नवाचार बहुत अच्छे है। गौबर पेंट निर्माण को सीखकर व और उपयोगी कार्य कर सकते है। ये विचार गौबर पेंट प्रशिक्षक राघव शरद देवस्थले ने व्यक्त किए। श्री राघव ने वृद्धाश्रम गौशाला का अवलोकन किया व निर्मित हवनकंडे को और उपयोगी बनाने के तरीके सुझाए।




कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि हमारे वृद्धजन लाचार, असहाय नहीं सक्रिय व नवाचारी है। अपने अनुभव से अपना जीवन बेहतर बना रहे है। ऊर्जा बचत, संचालन सहयोग, प्राकृतिक खेती, गौबर दीपक व हवन कंडे निर्माण उनकी सक्रियता का प्रतीक है। कार्यशाला में वृद्धजनों के साथ संस्कार भारती के अतुल कालभवर, आर्टिष्ट अनूप श्रीवास्तव, करन भाई, चित्रकला विभाग से डॉ साधना चौहान, बायोरे से प्रतिभा सोनी, दुर्गा गोस्वामी ने विशेषरूप से सहभागिता की। अतिथि स्वागत वृध्द वत्सला बाचपेयी ने आश्रम के फूल पत्तियों से निर्मित पुष्पगुच्छ से किया। वृद्ध महेश जी ने स्वयं दीवार पेंट की। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रॉकी मक्क? ने दी।

### धर्माचरण व्यक्ति के व्यक्तितत्व को निखारता हैं : हितेशचंदसरिश्वरजी

**मनावर ( नि प्र )** गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् विजय



हितेशचंदसूरिश्वरजी म सा , मधुर गायक श्री दिव्यचंदविजयजी म सा एवं सेवाभावी श्री वैराग्ययशविजयजी म सा ने मुम्बई का सफलतम चातुर्मास पूर्णकर मनावर नगर मे मंगल पदार्पण किया ।चल समारोह बैंड बाजो के साथ श्रीकृष्ण टाकीज से प्रारंभ हुआ ।नगर के मुख्य मार्गो पर कई परिवारो द्वारा चावल से गवली बनाकर श्रीफल भेट कर आचार्य श्री का वंदन किया गया , फिर चल समारोह श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर होते हुए श्री महावीर हीरा रतन भवन पहुंचा ।धर्मसभा मे गुरूवंदन के पश्चात् आचार्य श्री के मुखारविन्द से मंगलाचरण हुआ ।श्रीसंघ अध्यक्ष प्रवीण खटोड ने स्वागत भाषण दिया और आगामी धार्मिक आयोजनो मे निश्रा प्रदान करने के लिए संघ की ओर से विनती की ।श्रीसंघ के मनोहर ओरा और श्रीमती सविता फूलेरा ने भी भाव रखे ।आचार्य श्री हितेशचंदसूरीजी ने श्रावको को धर्म के माध्यम से अपने आचरण को उच्च बनाने के लिए विशेष प्रेरणा दी और आने वाले गुरु सप्तमी महामहोत्सव 27 दिसम्बर के लिए सभी को 卐 गुरूभक्तो का महोत्सव 卐 मानकर अपने नगर के धार्मिक आयोजन से नये कीर्तिमान स्थापित करने की भी बात कही ।गुरूसप्तमी का महामहोत्सव मनावर नगर की दादावाडी मे लगभग 15 से 20 हजार गुरुभक्तो को बैठाकर गुरुप्रसादी भोजन करवाया जाता हैं , जो मानव सेवा व प्रेम का जीवंत उदाहरण हैं ।समाज के आकेश नवलखा ने बताया कार्यक्रम पश्चात् समाज जनो के स्वामीवात्सल्य का भी आयोजन किया गया ।

### चौहान बने प्रदेश संरक्षक शर्मा संभागीय सचिव

**बदनावर ।** भारतीय पत्रकार संघ एआइजे राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन की सहमती से प्रदेश अध्यक्ष धमेन्द्र अग्निहोत्री ने प्रदेश सचिव राकेश सिंह चैहान की अनुशंसा पर वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिंह चोहान को प्रदेश सरक्षक, कमलसिंह सोलंकी धार को प्रदेश उपाध्यक्ष, दीपक कुमार दिलेर को भोपाल जिला अध्यक्ष, मनीष शर्मा को इंदौर संभागीय अध्यक्ष, अरुण प्रकाशसिंह दुबे मउगंज जिलाध्यक्ष, अभिषेक पांडे गुढ तहसील अध्यक्ष मनोनित किया गया। इन नियुक्ति पर मीडियाकमिर्यो में हर्ष का माहौल है। भारतीय पत्रकार संघ एआइजे प्रदेश प्रवक्ता महेश पाटीदार ने बताया कि नव नियुक्त पदाधिकारी दिलीपसिंह चैहान, कमलसिंह सोलंकी, दीपक दिलेर, मनीष शर्मा, अरुण प्रकाषसिंह दुबे एवं अभिषेक पांडे को विनय पाटीदार, नवीन चैहान, प्रवीण चावला, गोपाल पाटीदार, राकेश सिंह चैहान, डा गोपालसिंह ठाकुर, शिवशंकर लोधा, प्रदीप पवार, राजेशचौहान, आशिष परमार, मुकेश राठौर सचित्स बाहेती सहीत कई पत्रकार साथियों ने बधाई दी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन एवं प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्निहोत्री, प्रदेश सचिव राकेशसिंह का आभार व्यक्त किया गया।





### खेमराज पाटीदार किसानों की आवाज थे सभी ने याद किया पाटीदार को

**बदनावर .** पूर्व भाजपा जिला महामंत्री शिवरामसिंह रघूवंशी ने कहा कि खेमराज पाटीदार ऐसे नेता थे जिनको हर गाँव की समस्या पता थी,श्री पाटीदार ने बदनावर की पेयजल योजना से लेकर अनेक तालाब डेम का निर्माण कराया, कोटेश्वर महादेव के विकास में योगदान के साथ ग्रामीण स?को का विस्तार किया उन्होंने सोसायटी में खाद के गोदामो का निर्माण किया,सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति उनके कार्यकाल में सुधरी थी,,,, बदनावर के पूर्व विधायक खेमराज पाटीदार के निधन के बाद प्रथम जन्म जयंती पर उनके निवास पर बदनावर ,सरदार पुर के जन प्रतिनिधियों ने घर पहूँच कर माल्यार्पण किया



# आरटीआई उल्लंघन मामले में बरमंडल सहकारी संस्था के प्रबंधक पर जुर्माना

- आरटीआई की जानकारी नही देना सोसायटी प्रबधंक को पडा भारी
- सुचना के अधिकार के उल्लघन के इतिहास में पहली बार बड़ी कार्रवाई







**लाबरिया /मयंक जायसवाल ।**

**मप्र राज्य सूचना आयोग द्वारा सूचना के अधिकार के उल्लंघन मे दो अपील प्रकरणो मे कार्यवाही करते हुए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बरमंडल के प्रबंधक पर 30 हजार रू का जुर्माना किया गया है।**

मप्र राज्य सुचना आयुक्त उमाशंकर पचौरी ने दो अपील प्रकरणों में धार जिले के ग्राम बरमंडल की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पर तीस हजार रु जुर्माना किया गया ।

**यह है मामला–** आर टी आई कार्यकर्ता श्रीराम मारु द्वारा लोक सुचना अधिकारी / प्रबंधक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बरमडल तह सरदारपुर जिला धार में सुचना के अधिकार अधिनियम अंतर्गत आवेदन किया था जिसमे समय अवधी में निराकरण नहीं किए जाने से प्रथम अपील की गई। सदर प्रकरण में अपीलीय अधिकारी द्वारा सुनवाई नहीं किए जाने के कारण द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग में की गई। उक्त प्रकरण में आयोग द्वारा निशुल्क जानकारी देने के आदेश देने के बावजूद समय पर सूचना /जानकारी नहीं दी गई। जिसमे प्रकरण में सुनवाई के दौरान कारण बताओ सुचना पत्र के साथ पच्चीस हजार रु जुर्माना का नोटिस जारी किया गया।

उक्त प्रकरण में सुनवाई दिनाक 01/12/2025 को की गई। सुनवाई के दौरान लोक सुचना अधिकारी / प्रबंधक ने अपने अभिभाषक के माध्यम से झूठ तर्कों तथा जबाबो की डा?ी लगा दी ।। परन्तु आयोग द्वारा सारे तर्कों को अमान्य कर दोनों प्रकरणों मे कुल तीस हजार रु का जुर्माना लगाया गया। जो कि म. प्र के इतिहास में पहली बार इस तरह की कार्यवाही किसी प्रबंधक पर हुई।

आरटीआई कार्यकर्ता श्रीराम मारू ने बताया की उक्त मामले मे अनिल मारु प्रबंधक द्वारा अपिलार्थी के फर्जी भ्रामक हस्ताक्षर कर सन्तुष्टी पत्र आयोग में प्रस्तुत कर प्रकरण नश्तीबद्ध कराने की कोशिश की गई। उक्त पत्र की आयोग द्वारा शंका होने पर हस्ताक्षर मिलान किए जाने पर फर्जी हस्ताक्षर पाए गये।

यही नहीं पुर्व में दिए गये मनगढंत झुठे आरोप अपिलार्थी पर लगाय गए जिन्हे आयोग द्वारा नकारा गया ।

जुर्माने की राशी एक माह में जमा करने के संबध में आयुक्त सहकारिता एवं पंजियक संस्थाएं भोपाल को अगामी कार्यवाही हेतु एवं कार्यवाही की समस्त गतिविधी को जिस भी कार्यलय में संबंधीत की सेवा पुस्तिका संधारित की जाती है उसमे टीप अंकित करने के निर्देश दिए गए।

> आयोग द्वारा प्रथम अपीलिय अधिकारी द्वारा विधीसम्मत निराकरण नहीं करने पर सख्त चेतावनी दी गई तथा आगामी प्रकरणों मे निराकरण नहीं करने पर अनुशानात्मक कार्यवाही की जावेगी ।धार जिले के आर टी आई कार्यकर्ता श्रीराम मारु ने बताया कि वे विगत 11 वर्षों से जनहित/शासन हित मे संबधित कार्यालय / विभाग से सोसायटियों की जानकारी माग रहे थे परन्तु संबधित तथा सहकारिता विभाग के अधिकारी भी इनको दायरे में नहीं आने का हवाला देकर जानकारी अवरुद्ध कर रहे थे। लम्बे अरसे बाद सोसायटियों का अधिनियम के दायरे में आने से आमजन को जानकारी / सुचनाऐ मील सकेगी।

# उप पुलिस अधीक्षक ने किया बाल मेला का शुभारंभ

- बच्चो को दी परीक्षा में सफल होने की जानकारी
- गुरुकुल विद्या मंदिर कानवन में लगा मेला



**धार (कानवन) - नगर में गुरुकुल विद्या मंदिर में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया जिसके मुख्यअतिथि उप अधीक्षक गगन हनवत थे विशेष अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य हेमंत व्यास शासकीय महा विद्यालय प्राचार्य ईश्वर लाल ओसारी थे ।**

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना व माला अर्पण कर मेले का फीता काट कर की गई तत्पश्चात विद्यालय द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर पुष्प माला से स्वागत किया गया श्री हनवत द्वारा बच्चो को संबोधित करते हुए थाना परिसर में आने का निमंत्रण दिया उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हे एक आम जन में जो पुलिस के प्रति सोच हे जो दूरियां है उसे दूर करना हे आप लोग आए पुलिस की कार्यशैली को समझे बच्चो से चर्चा कर दी एमपीपीएससी की जानकारी पुलिस अधीक्षक गगन हनवत द्वारा बच्चो से चर्चा की गई जिसके बड़े बच्चों ने अपनी तैयारी कैसे करे आदि सवाल पूछे जिसे श्री हनवत द्वारा बच्चो को बड़ी सरलता से एग्जाम की तैयारी कैसे करे एमपीपीएससी की तैयारी अन्य परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानकारी दी व नन्हे बच्चों के साथ सेल्फी ली वहीं मेले में शिक्षक शिक्षकाओ द्वारा विद्यालय में आने वाले बच्चो का तिलक लगा कर पुष्पों से स्वागत कर मुंह मीठा करावा गया गुरुकुल विद्या मंदिर के प्रांगण में बच्चो द्वारा व्यजनो की सेकडो दुकानें लगाई गई जिस पर अतिथियों द्वारा जाकर व्यंजनों की खरीदी की गई

रानू ,पूनम,चेष्टा , जया , कृति राज सोहन पंकज ने बताया की हम मेले का इंतजार काफी दिनों से कर रहे थे इस बार मेले में झूले के साथ दुकाने जायदा लगी है बहुत अच्छा लग रहा हे विद्यालय में प्रति वर्ष मेला लगता है वहीं आनंद, रागिनी ,पायल ,नेहा राजेश्वरी दीपिका ने बताया की हम जब जब मेला लगता है हम दुकान लगाते हे हम बच्चो को दुकान लगाने से बहुत कुछ सीखने को मिलता है और प्राफिट भी होता हे हर एक स्टाल पर जा कर शिक्षक व अतिथियों द्वारा बच्चो का होसला भी बढ़ाया गया तो वही विनम्र राज ने बताया की हमारे दोस्तो द्वारा खेल की दुकान लगाई जाती है जिसमे बहुत ही मनोरजन होता हे विद्यालय में मेला 10बजे से 3.00 बजे तक चला जिसमे बच्चो ने बहुत खरीदी बिक्री की व झूलो में जम कर झूले वहीं स्कूल के संचालक ने डॉ विशाल राव निक्कम ने बताया की मेले से बच्चो मानसिक तनाव दूर होते देखा गया साथ ही उन्हें एक नया उत्साह के साथ साथ समाज की गति विधियों बोल चाल व्यापार आदि की भीं जानकारी प्राप्त प्राप्त होती है विद्यालय बच्चो की दुकान व झूले सहित लगभग 1.15000 हजार से अधिक की खरीदी बिक्री हुई साथ ही बाहर से आए झूले संचालकों के साथ ही दुकान लगाने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया.

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने ली प्रेस वार्ता बताया 2 साल की उपलब्धियों को शून्य

**बदनावर ।** मध्यप्रदेश की बीजेपी सरकार के 2 साल पर कांग्रेस ने तीखा हमला किया। गंधवानी विधानसभा के बाग ब्लॉक के दौरे के दौरान धार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष स्वतंत्र जोशी ने सरकार की 2 साल की उपलब्धियों को शून्य बताया उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बेरोजगारी और किसान समस्याओं को लेकर सरकार पूरी तरह असफल रही है युवा रोजगार की बात करते है तो उन पर लाठी चलाती है,किसान खाद के लिए परेशान है,मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही , भावांतर योजना में किसान भाव के लिए तरस रहा है इतनी अराजकता के बाद भाजपा सरकार अपनी झूठी उपलब्धि को बड़े गर्व से बता रही है।

जोशी ने कहा की आप के माध्यम से बताना चाहता हूं कि भाजपा सरकार की सही उपलब्धि तो उनके मंत्री और कार्यकर्ता का अवैध कार्यों के लिप्त होना है ,सभी कार्यों में भ्रष्टाचार इनकी बड़ी उपलब्धि है। जोशी ने कहा कि भाजपा अपने आप को सबसे बड़ी राष्ट्रवादी पार्टी बताती हैं ये कैसी राष्ट्रवादी पार्टी है जो हमारी राष्ट्र प्रेम का पर्याय है हमारे सैनिकों के जोश का संचार कर दे इसे वाक्य जय हिन्द ओर वंदे मातरम् पर सदन में रोक लगा रही है ।जय हिन्द वो नारा है जो हमारे जवान हमारी जीत होने पर सबसे पहले कहते है इसे हमारी शान के प्रतीक नारो पर भाजपा सरकार रोक लगाती है.

# राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित




**सरदारपुर ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेश अनुसार न्यायालय परिसर सरदारपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रात: 10-30 बजे प्रथम जिला जज हेमंत यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर द्वितीय जिला जज रश्मि वॉल्टर तृतीय जिला जज श्री अब्दुल्लाह अहमद व्यवहार न्यायाधीश उर्मिला खेड़कर व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती कमला गौतम व्यवहार न्यायाधीश सुश्री रूही एजाज मेव एसडीओपी श्री विश्वजीत सिंह परिहार अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री कमल किशोर वैष्णव उपाध्यक्ष श्री रामलाल पाटिल सचिव श्री दिलीप सिंह भदोरिया सुश्री शबाना खान विक्रम सिंह देवड़ा अंकित कच्छावा रवि परमार हरिराम मुनिया शेख अजहर शाहरुख लोधी हेमेंद्र बैरागी पप्पू यादव नाजीर जगदीश किरार न्यायालयीन स्टाफ विद्युत मंडल बैंकों के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

लोक अदालत में हेमंत यादव प्रथम जिला जज के न्यायालय में कुल 14 प्रकरणों का निराकरण हुआ उसमें मोटर वाहन दुर्घटना के नौ प्रकरणों तथा वसूली के प्रकरण मिलाकर 52 लाख 12 922 रू के अमाउंट का सेटलमेंट हुआ ।द्वितीय जिला जज श्रीमती रश्मि वॉल्टर के न्यायालय में मोटर वाहन दुर्घटना के प्रकरण में 21 लाख 80 हजार रुपए क्षतिपुर 83 दिलाई गई कुल 11 प्रकरणों को निराकरण हुआ । तृतीय जिला जज श्री अब्दुल्लाह अहमद के न्यायालय में मोटर वाहन दुर्घटना के 12 प्रकरणों में 1 करोड़ 4 लाख 10 हजार रुपए की राशि दिलाई गई। बिजली के 24 प्रकरणों में 6 लाख 81383 रुपए की राशि की वसूली होकर प्रकरणों का निराकरण हुआ ।प्रि लिटिगेशन के 30 प्रकरणों में चार लाख ?50000 की वसूली होकर प्रकरणों का निराकरण हुआ । श्रीमती उर्मिला खेड़कर के न्यायालय में कुल 22 प्रकरणों का निराकरण हुआ दो चेक बाउंस के प्रकरण में दो लाख 21751 रुपए की वसूली होकर प्रकरणों का निराकरण हुआ ।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने 5 बाइक सवार को रौंदा,7 घायल, 5 बड़वानी रेफर

- हादसे के बाद मौके से फरार हुआ चालक को पुलिस ने निसरपुर में घेराबंदी कर पकड़ा



**कुक्षी।** समीपस्थ ग्राम सिलकुआ गांव में शनिवार तेज रफ्तार से आ रही एक अनियंत्रित स्कार्पियो चालक ने 5 बाइक सवार राहगीरों को जोरदार टक्कर मारकर मौके से फरार हों गया ।हादसे में 7 घायल हुए जिनमें 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है.दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घायलों को उपचार के लिए यहां के सिविल हॉस्पिटल लाया गया जिसमें 5 गंभीर रूप से घायलों को ब?वानी रेफर किया गया.हादसे के बाद मौके से फरार कार चालक को वाहन सहित पुलिस ने नाकाबंदी कर निसरपुर से पकड़ लिया है।

7 लोग हुए घायल, 2 की हालत गंभीर- दुर्घटना में कुल 7 लोग घायल हुए हैं। तत्काल सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस के पायलट अविनाश सोलंकी, ईएमटी प्रताप और पुलिस डायल 112 का स्टाफ मौके पर पहुंचा। सभी घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल कुक्षी पहुंचाया गया। सिविल अस्पताल कुक्षी के बीएमओ डॉ. नितिन पाटीदार ने शनिवार दोपहर 12 बजे घायलों के स्वास्थ्य उपचार की जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद 5 गंभीर रूप से घायल लोगों को बड़वानी रेफर किया गया है, ।

## एक नजर

मध्यप्रदेश में ''विकास और सेवा के दो साल'' की उपलब्धियों पर जिले के प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय ने पत्रकार-वार्ता को किया संबोधित

# भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश का बदला औद्योगिक परिदृश्य : प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय





**धार।** मध्यप्रदेश में ''विकास और सेवा के दो साल'' की उपलब्धियों पर प्रदेश सरकार में नगरीय विकास एवं आवास विभाग एवं जिले प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय शनिवार को जिला पंचायत सभागार में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान विधायक श्रीमती नीना वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती और चंचल पाटीदार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा जयदीप पटेल वेलसिंह भूरिया संजय शर्मा मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मध्यप्रदेश में हुए विकास कार्यों की जनता साक्षी है। मात्र दो वर्ष के अल्प कार्यकाल में राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास का परिदृश्य बदल दिया है। इन दो सालों में प्रदेश में हुआ विकास अद्भुत है, अकल्पनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में स्वीकृत 7 पीएम मित्र पार्क में से पहला पार्क का अपने जन्मदिन के अवसर पर मध्यप्रदेश के धार में भूमिपूजन किया है। राज्य सरकार ने इसमें भूमि आवंटन भी कर दिया है। विक्रम उद्योगपुरी में दवा कंपनियों ने इंडस्ट्री लगाकर उत्पादन शुरू कर दिया है। यह भारत के वस्त्र उद्योग की नई पहचान बनेगा। करीब 2000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह प्रोजेक्ट, 10 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का साक्षी होगा। इससे 50 हज़ार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और डेढ़ लाख से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यहाँ धागा, कपड़ा, कताई-बुनाई, रंगाई, डिज़ाइन और वस्त्र निर्माण से जुड़ी हर आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी। साथियों, यह पार्क न केवल हमारे युवाओं के सपनों को पंख देगा, बल्कि देश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में और मज़बूती से आगे ले जाएगा।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेज खोले गए हैं। प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या निरंतर बढ़ाई जा रही है। अब प्रदेश में सरकारी-निजी कुल मिलाकर 52 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। राज्य सरकार पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज और चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने के लिए 1 रुपए लीज पर जमीन दे रही है।

माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में विकसित मध्यप्रदेश का लक्ष्य साकार करने के लिए विकसित जिले की संकल्पना और योजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के अंतर्गत धार जिले के ग्रामीण अंचलों में 1 लाख 45 हजार से अधिक और शहरी क्षेत्रों प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 अंतर्गत समस्त नगरी निकायों में 16,252 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे लाखों परिवार पक्की छत के नीचे सम्मानजनक जीवन यापन कर रहे हैं।

जिले में कुल 3863 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित है। पूर्व में 3493 मुख्य आंगनवाड़ी केंद्र थे तथा 370 मिनी आंगनवाड़ी केंद्र थे। जिले के 370 मिनी आंगनवाड़ियों को मुख्य आंगनवाड़ी केंद्रों में उन्नयन किया गया है तथा उनमें सहायिका की नियुक्ति की गई है। वित्तीय वर्ष 2024 25 में 72 नए आंगनवाडी भवन स्वीकृत होकर निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। 508 आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम केंद्र बनाए गए है। इन केंद्रों में वाटर हार्वेस्टिंग, पोषण वाटिका और स्मार्ट टी.वी. एवं आर.ओ. जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है ।धार नगर स्थित धारेश्वर मंदिर परिसर में 卐धारेश्वर लोक卐 का निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि रू. 11.75 करोड़ से किया जाना प्रस्तावित है।